दिनांक–04.10.2023

समय–7.10एएम

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार....

- मध्य प्रदेश में प्रस्तावित आगामी विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची का आज होगा अंतिम प्रकाशन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में 35 हजार करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं की रखी आधारशीला।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बुरहानपुर से लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे बारह सौ पचास रुपये।
- प्रदेश से होने लगी मानसून की विदाई, कुछ जिलों में आज भी बारिश के आसार।

मतदाता सूची

मध्य प्रदेश में प्रस्तावित आगामी विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिये। श्री राजन ने कहा कि सूची का अंतिम प्रकाशन होते ही आज सभी जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के माध्यम से प्रकाशित मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही किए जाने वाले प्राथमिक और अन्य महत्वपूर्ण कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फोटो निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची संबंधित, मतदान केंद्र की आदि जानकारी मतदाता वेबसाइट डब्ल्यू. डब्ल्यू. डॉट सी. ई. ओ. मध्य प्रदेश डॉट एन. आई. सी. डॉ. इन पर देख सकते हैं।

प्रधानमंत्री परियोजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का हर राज्य, जिला और गांव विकसित होगा।

मोटा अनाज

समर्थन मूल्य पर मोटा अनाज ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु धार जिले में किसान 5 अक्टूबर तक पंजीयन करवा सकेंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 समर्थन मूल्य ज्वार–3180 रूपये एवं बाजरा–2500 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित हैं। शासन द्वारा पंजीयन की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर निर्धारित की गई है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सभी किसानों से अनुरोध किया है

कि समर्थन मूल्य पर ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु अंतिम तारीख से पहले अपना पंजीयन करा लें।

दुनिया भेदभाव रहित

श्योपुर जिले में शक्तिमा अभियान और किशोर सशक्तिकरण के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों और हॉस्टल में किशोर बालक–बालिकाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। स्कूलों में किशोरों का नेतृत्व विकास सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। नेतृत्व विकास सत्रों के माध्यम से किशोरों को जेंडर समानता हेतु संवेदीकृत किया जा रहा है, ताकि वे उस दुनिया के पोषक बन सकें, जहॉ स्त्री–पुरूष में किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाये। वे अपनी समझ और अनुकूलता के आधार पर विषय, काम और रोजगार का चुनाव कर सकें।

लाड़ली बहना राज्य स्तरीय कार्यक्रम

लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत राशि अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज बुरहानपुर में होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान योजना की पात्र महिलाओं के खातों में बारह सौ पचास रुपये अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम में लाड़ली बहनों के आत्मनिर्भर होने तथा योजना के संबंध में उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कल सभी संभाग आयुक्त और कलेक्टर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए कई निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जबलपुर में रानी दुर्गावती की जयंती पर स्मारक का भूमिपूजन करेंगे। इसी दिन सतना में राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन होगा। 6 अक्टूबर को भोपाल में विकास पर्व के तहत कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

पीएम– ट्रैक– बॉक्सिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हांग्जो में एशियाई खेल 2022 में महिलाओं की पांच हजार मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 'ट्रैक और फील्ड एथलीट' पारुल चौधरी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में उनकी सफलता की कामना की। श्री मोदी ने महिला भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर अन्नू रानी को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें महिला भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बेहद गर्व है और इस स्वर्ण पदक ने भारत को गौरवान्वित किया है। उन्होंने एशियाई खेलों में पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए तेजस्विन शंकर को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीतने के लिए प्रीति पवार और नरेंद्र बेरवाल को भी बधाई दी। आपको बता दें कि चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों के 10वें दिन कल भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक जीतने के साथ ही कुल 69 पदक अपने नाम किये।

मानसून विदाई

मध्य प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। दक्षिण पश्चिम मानसून प्रदेश के कई जिलों से विदा हो गया। कल शाम तक भिंड, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, राजगढ़, शाजापुर, आगर मालवा, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, धार और इंदौर से मानसून की विदाई हो गई। जल्द ही यह मानसून प्रदेश के अन्य जिलों से भी विदा हो सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने आज भी सिंगरौली और सीधी जिले में भारी बारिश का अनुमान जताया है। इसके अलावा रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ वज्रपात भी हो सकता है। आपको बता दें कि 1 जून से 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसूनी बारिश माना जाता है। प्रदेश में 24 जून को मानसून ने प्रवेश किया था। 25 जून को यह पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गया था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- – केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर आज मुरैना में मेडिकल कॉलेज व पोरसा में केंद्रीय विद्यालय का का भूमिपूजन करेंगे। वे सबलगढ़ में भी जनसभा को संबोधित करेंगे।
- –आगर मालवा जिले में कल महिला समूह संगठन को एक करोड़ 90 लाख का ऋण वितरण किया गया, वहीं कुछ सदस्यों को स्कूटी की चाबी भी सौंपी गई
- –खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2023 के अंतर्गत राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में श्योपुर के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने रजत एवं कांस्य पदक हासिल किया।
- – सांसद डॉ० के० पी० यादव ने शासकीय उत्कृष्ट उ०मा० विद्यालय, अशोकनगर और गुना में सौर ऊर्जा चालित स्मार्ट कक्ष, जिज्ञासा लैब का उद्घाटन किया।
- – शिवपुरी में खेल एवं युवा कल्याण, मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कल माधवराव सिंधिया खेल परिसर में फुटसॉल फुटबॉल ग्राउन्ड एवं सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक एवं पवेलियन का लोकार्पण किया।
- –भारत सरकार की केन्द्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी आज भिण्ड आंएगी। वे जिला स्तरीय प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन सहित कई कार्यकमों में सहभागिता करेंगी।
- –निवाड़ी जिले में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कल जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजा गया है।
- –मुरैना जिले में जनपद पंचायत कैलारस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कैलारस के अन्तर्गत ट्रेक्टरों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।
- – प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भोपाल मेट्रो के ट्रायल रन का दिखावटी शुभारंभ किया है।
- – अनूपपुर जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका अनूपपुर के सामतपुर तालाब परिसर में 'एक साथ एक घंटे के लिए थीम' पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।

––––––––––––